चंदन का दिल पिघल गया। उसने तुरंत प्रिया को डॉक्टर के पास ले जाकर दवाइयाँ दिलवाईं। सुहानी और पलक ने मीना के छोटे से घर को दीयों और फूलों से सजाया। जानकी माँ ने अपनी बनाई गुजिया और नमकीन मीना के परिवार के लिए पैक किए। जब मीना ने ये सब देखा, उसकी आँखें भर आईं। "साहब, मैडम, आपने मेरे लिए इतना किया?" उसने काँपती आवाज़ में कहा।

चंदन ने मुस्कुराकर कहा, "मीना, तुम हमारे परिवार का हिस्सा हो। तुम्हारी खुशी ही हमारी दिवाली है।" उस रात, चंदन के परिवार और मीना के परिवार ने एक साथ बैठकर दीये जलाए। पलक ने प्रिया को फुलझड़ी पकड़ना सिखाया, और आसमान आतिशबाज़ियों से जगमगा उठा। जानकी माँ ने सबके लिए आशीर्वाद माँगा, और सुहानी ने सबको मिठाईयाँ खिलाईं।

चंदन को उस रात एहसास हुआ कि दिवाली का असली जादू सिर्फ अपने परिवार में नहीं, बल्कि दूसरों की मदद करने और उनकी मुस्कान में छुपा है। मीना की बेटी प्रिया की हँसी और जानकी माँ की कहानियों ने घर को रोशनी से भर दिया।

दिवाली का मतलब है रोशनी बाँटना–चाहे वो दीयों की हो, प्यार की हो, या किसी की मदद की। काम की भागदौड़ में अपनों और दूसरों के लिए वक्त निकालना ही ज़िंदगी को सच्ची खुशी देता है।

*****

Poem

"Cyber Suraksha - Our Digital Shield"

Avanish Srivastava
Officer
Chitrakoot Dham Karwi

In the word of screens and glowing light,
We surf, we chat, from day to night.
A click, a share, a post so fast-
But think before, the spell is cast.

Your password strong, your data dear,
Guard it well, keep hackers clear.
Don't trust each link, that comes your way,
A trap may hide in what seems okay.

Cyber world is vast and wide,
With knowledge deep on every side.
But dangers lurk in silent disguise,
So open your heart-but guard your eyes.

Report the wrong, stand with right,
Be Cyber Smart- Keep Safety in sight.
Together we will build a secure domain,
Where trust and truth forever remain.

Cyber Suraksha- Our Shared Duty,
To Protect this world of digital beauty

Rediscovering Local Business Through Intelligence

Ankita Sharma
Officer
Data & Analytics Section (DnA)
Head Office

A decade ago, banking was about knowing your neighbourhood — about people, not platforms. Branch staff would visit nearby markets, meet traders and shopkeepers, and build relationships one conversation at a time. Customer acquisition depended on experience, familiarity, and intuition.

Today, that same local knowledge has been strengthened with data and intelligence. With technology evolving rapidly, the Bank has found new ways to help branches understand and serve their communities better. One such step forward has been an innovative application that uses analytics to identify potential customers and businesses around each branch. It provides an overview of the local market, helping teams reach out to enterprises and entrepreneurs with insight and purpose.

What began as an idea to make customer acquisition smarter soon grew into one of the Bank's most successful digital initiatives — and the first of its kind among public sector banks. It enables staff to see business opportunities nearby, plan their approach efficiently, and engage with potential customers in a structured way. The platform's simple design and ease of use have made it a part of the daily routine for many branch teams.

Since its launch, the initiative has created visible impact across the network. Branches have reached out to lakhs of prospective customers, and thousands of those connections have already resulted in new relationships and business growth. More importantly, employees have embraced a more proactive and data-driven approach to identifying opportunities, which has strengthened both productivity and confidence.

This change reflects how far the Bank has come — combining the strength of its traditional customer relationships with the possibilities offered by analytics and digital tools. The initiative has also drawn recognition from various forums for its innovative use of geo-intelligence in strengthening grassroots banking.

As we celebrate Founder's Day, this story represents more than just a technological achievement. It reflects the spirit of curiosity and progress that has always defined the Bank — the willingness to adapt, to learn, and to grow with the times. Our founders built this institution on trust, service, and community connection. Those values remain at the heart of everything we do; only the way we deliver them has evolved.

From ledgers to dashboards, from local knowledge to intelligent insights — our journey continues with the same purpose: to serve our customers better and to strengthen our bond with every community we touch.

Because opportunity has always been around us.

Now, we have the intelligence to see it more clearly. And because the future of banking isn't about replacing people with machines — it's about empowering people with smarter tools.

केनरा बैंक Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Government of India Undertaking)
ಸಿಂಡಿಕೇಟ್ सिंडिकेट Syndicate

मेरे बैंक की कहानी वर्ष 1930 से 1942 तक

बी.के. उप्रेती
वरिष्ठ प्रबंधक (सेवानिवृत्त)
केनरा बैंक

वर्ष 1930 बहुत उतार–चढाव वाला था। वर्ष 1929 में स्टॉक मार्केट क्रैश का असर दिखने लगा था। बेरोज़गारी और महंगाई बढ़ने लगी थी और कृषि में नुकसान हो रहा था। देश में नमक आंदोलन शुरू हो गया था, जिसका असर पूरे देश में दिख रहा था। मार्च 1930 को महात्मा गांधी जी को गिरफ्तार कर लिया गया था। जेल से छूटने के बाद गांधी जी ने पहले गोल मेज सम्मेलन में हिस्सा लिया। गांधी – इरविन की बात से कुछ हासिल नहीं हुआ। लेकिन गांधी जी ने हिन्दु समाज में फैली छुआछूत प्रथा के विरोध में देश भर में यात्रा शुरू कर दी थी।

दक्षिण कनारा के लोग दिल से देशभक्त थे। केनरा बैंक के बहुत से डायरेक्टर कांग्रेसी थे और वह खादी के वस्त्र ही पहनते थे। श्रीनिवास पाई हमेशा गांधी टोपी पहनते थे। सर्वोत्तम नायक कांग्रेस की रुरल मार्केटिंग और फाइनेंसिंग सब कमेटी के सदस्य थे जो कि प्लानिंग कमीशन से जुड़ी थी। हमारा बैंक दक्षिण कनारा की सामाजिक और आर्थिक परिवेश की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाते थे।

दी ट्रेवनकोर नेशनल बैंक और क्विलोन बैंक (The Travancore National Bank and Quilon Bank) का डूबना।

इस बैंक के डूबने से दक्षिण कनारा के बैंकों में डर का माहौल बन गया था। इस बैंक की स्थापना सन 1912 में एलेप्पेमें हुई थी और कुलीन बैंक 1912 में क्लोन में स्थापित हुआ था। रिजर्व बैंक के ऑर्डर से 1 सितंबर 1937 को दोनों बैंक का विलय हो गया था। विलय के 7 महीने के अंदर यह बैंक डूब गया था। इन दोनों की गिनती बड़े बैंकों में होती थी। यह दक्षिण भारत का सबसे बड़ा बैंकिंग संकट (क्राइसिस) था। इस हादसे का सबसे ज्यादा असर हमारे बैंक की मुंबई शाखा पर पड़ा। उस समय के महा प्रबंधक श्री सर्वोत्तम नायक इस समस्या का सामना करने की लिए तैयार थे। उन्होंने स्थिति को संभालते हुए बैंक कर्मचारियों को निर्देश दिया की , किसी भी बैंक के ग्राहक को बिना प्रश्न पूछे उसकी रकम लौटाई जाए। बैंक में कैश की कमी न हो तो दूसरी शाखाओं से फंड्स मंगवाए गए। कुछ समय बाद ही बैंक के ग्राहक लौटने लगे और समस्या आई गई हो गई।

आर बी आई का गठन

1 जनवरी 1935 को रिजर्व बैंक आफ इंडिया का गठन हो गया और 1 अप्रैल 1935 से आरबीआई ने काम करना शुरू कर दिया। लेकिन शेड्यूल बैंक के रेगुलेशन 5 जुलाई 1935 से लागू हुए। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि दक्षिण कनारा के बैंको में से हमारा बैंक सर्वप्रथम रहा जिसने आर बी आई की शेड्यूल बैंक की आर्थिक कंडीशन को पूरा किया और आर बी आई की शेड्यूल बैंक की लिस्ट में 5 जुलाई 1935 को अपना नाम दर्ज कराया।

आर बी आई से बैंक को शाबाशी

दी ट्रेवनकोर एंड क्वीलोन बैंक के दिवालिया होने से हमारा बैंक भी कुछ समय के लिए आर्थिक संकट में आ गया। इस आर्थिक संकट से उभरने के लिए हमारे बैंक ने आर बी आई से मदद की गुहार लगाई और आर बी आई ने अपने मुंबई ऑफिस से एक अधिकारी को बैंक का निरीक्षण करने के लिए हेड ऑफिस मेंगलुर भेजा। आर बी आई अधिकारी, बैंक की कार्यप्रणाली से संतुष्ट थे और उन्होंने हमारे बैंक को आर्थिक मदद के लिए आश्वासन दिया । हमारे बैंक के प्रेसिडेंट श्री ए श्रीनिवास पाई जी ने आर बी आई के अधिकारी से बैंक की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए सुझाव मांगे तो उन्होंने बैंक की कार्य प्रणाली की प्रशंसा की और कहा कि हमें भी बहुत कुछ केनरा बैंक से सीखना है। रिजर्व बैंक ने हमारे बैंक को आपातकाल से निपटने के लिए 7 लाख की आर्थिक सहायता की अनुमति दी।

मुंबई में शाखा विस्तार

बैंक के इतिहास में वर्ष 1928 का बहुत महत्व है। इस वर्ष बैंक ने अपनी शाखा का मुंबई में विस्तार करने की योजना बनाई। मुंबई हमारे बैंक के लिए बहुत महत्व रखता था। मंगलौर की जनता का बॉम्बे से व्यापारिक कनेक्शन था। उनको बैंकिंग सेवाओं की बहुत जरूरत थी। दक्षिण कनारा के बैंकों में से हमारा बैंक ही था, जिसने सर्वप्रथम बॉम्बे में अपनी शाखाएं खोली क्योंकि बॉम्बे आर्थिक गतिविधियों का नर्व सेंटर माना जाता था। बॉम्बे शाखा खुलने से पहले कमिशन एजेंट गोल्ड और सिल्वर सिक्कों को ईस्टर्न बैंक लिमिटेड में गिरवी रखते थे। लेकिन हमारी बैंक की शाखा खुलने के बाद वे हमारे बैंक से जुड़ गए। दिल्ली और कोलकाता में हमारे बैंक की शाखा नहीं थी, इसलिए मुंबई शाखा ही डिमांड ड्राफ्ट और टेलीग्राफिक ट्रांसफर, मर्केन्टायिल बैंक की मदद से हैंडल करती थी।

उस समय बचत खातों में चैक बुक सुविधा उपलब्धि नहीं थी। विड्रॉल ऑर्डर फार्म से ही रकम निकाली जाती थी।

1. प्रत्येक चालू खाते के चेक पर एक आने की स्टेम ड्यूटी लगती थी जो बाद में बंद कर दी गई थी।
2. बचत खाते में 5000 रुपए तक की रकम पर 4% ब्याज दिया जाता था और 5000 से अधिक रकम पर ब्याज नहीं मिलता था।
3. चालू खाते में है व्यस्त मौसम (Busy season) में 3% और मंदी के मौसम (Off season) में 2% ब्याज दिया जाता था।

वर्ष 1933 तक बैंक प्रबंधन ने शाखाओं के विस्तार के महत्व को समझ लिया था। इसी वर्ष बेंगलुरू में शाखा खोली गई। बेंगलुरू शाखा का उपयोग ईक्वीटेबल मॉर्टगेज (उम्क्लग्घ्न्ज क्ब्ल्ज्न्ज) के लिए किया गया। टाईटल डीड जमा करने के लिए यह ब्रांच उपयुक्त थी। हमारे बैंक ने दक्षिण भारत के निम्नलिखित शहरों में अपनी शाखाएं खोली, एलेप्पे, कालीकट, एणाकुलम, हुबली, धारवाड, केनेनूर, बडगारा , पायानूर, कूलोन कायमकूलम, बेलगाम, उस समय दक्षिण भारत के बैंकों में से केवल हमारे बैंक की सबसे ज्यादा शाखाएं थी। वर्ष 1936 मे मेंगलुरु शहर में क्लीयरिंग हाउस खुला और हम उसके मेंबर बने।

हमारा बैंक अपनी शाखाएं खोलकर लाभांश बढाना चाहता था। लेकिन देश में चल रहे 1942 के अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन के कारण 7 छोटी शाखों को बंद भी करना पड़ा।

बैंक का रजत जयन्ती (सिल्वर जुबली) कार्यक्रम

दिनांक 24 मई 1932 को बैंक प्रबंधन ने रविवार 9 अक्टूबर 1932, विजयदशमी के दिन बैंक के सिल्वर जुबली कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा बनाई वह इस प्रकार थी।

1. गरीब लोगों को चावल का दान दिया जाएगा।
2. बैंक के शेरहोल्डर, जमाकर्ता और शुभचिंतकों से मीटिंग की जाएगी और उनके लिए चाय नाश्ते का आयोजन किया जाएगा।
3. शाम को वेंकटरमन मंदिर में पूजा का आयोजन।
4. इस उपलक्ष्य में केनरा बैंक ने केनरा बैंक सिल्वर जुबली स्कॉलरशिप की घोषणा की जो कि केनरा हाई स्कूल के बच्चों को दी जाएगी।
5. बैंक के कर्मचारियों के लिए बोनस की घोषणा की गई।

शाखा निरीक्षण (Branch Inspection)

बैंक की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए बैंक प्रबंधन ने वर्ष 1930 में ही बैंक इंस्पेक्टर की ड्यूटीज और रिस्पांसिबिलिटी तय कर दी गई थी।

1. प्रत्येक शाखा का 6 महीने में एक बार निरीक्षण अनिवार्य किया।
2. इंस्पेक्टर शाखा की गलतियों/कमियों से शाखा को अवगत कराएंगे और शाखा के मार्गदर्शक और परामर्शदाता की भूमिका निभाएगें।

आजादी के बाद की बैंकिंग

15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ और हमारे बैंक ने आज़ादी का जश्न बैंक कर्मचारियों को बोनस दे कर मनाया। आज़ादी तो मिल गई थी लेकिन हैदराबाद शहर में सांप्रदायिक दंगे भड़क गए। इस मुसीबत के वक्त, बैंक कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह ना करते हुए बैंक को अपनी संपूर्ण सेवाएं दीं। बैंक के प्रति वफ़ादारी के लिए 10 कर्मचारियों को 120 से ₹1000 तक का ईनाम दिया गया। आज़ादी के बाद सिकंदराबाद के हालात बिगड़ रहे थे। रजाकार आंदोलन के कारण मुस्लिमों ने भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड दिया था। हिंदुओं के घर लुटे जा रहे थे, व्यापार और आर्थिक गतिविधियां रूक गई थी। बैंक ने इस मुसीबत के वक्त भी ग्राहकों को अपनी संपूर्ण सेवाएं दी। इसलिए जब माहौल शांत हुआ तो हमारे बैंक को

भरोसे का बैंक के खिताब से नवाजा गया।

आर बी आई द्वारा वर्ष 1947 में बैंक का निरीक्षण

वर्ष 1947 में एक बार फिर हमारे बैंक मैनेजमेंट ने आर बी आई को बैंक के निरीक्षण के लिए आमंत्रित किया। क्योंकि बैंक अपनी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता को महत्व देता था। यह सब बैंक की नीति का हिस्सा था। आर बी आई ने हमारी बैंक की वित्तीय सुदृढ़ता पर कोई प्रश्न चिन्ह नहीं ।

प्रशासनिक विकेंद्रीकरण

वर्ष 1950 में पहली बार बैंक का प्रशासनिक विकेंद्रीकरण हुआ सर्वोत्तम नायक जी की सलाह के मुताबिक 2 जोन, मुंबई और मेंगलुरु बनाए गए।

कार्य प्रणाली में दक्षता और सुधार के लिए इबकोन कन्सलटेन्सी फर्म (Ibcon ltd consultancy firm) का चयन

वर्ष 1951 में बैंक प्रबंधन ने कार्य प्रणाली में सुधार और दक्षता लाने के लिए इस कंपनी की सेवाएं ली। इस कंपनी की सलाह पर बैंक ने 6 कर्मचारियों को विदेश ट्रेनिंग के लिए लायड बैंक लंदन भेजा जो उस समय का सबसे प्रतिष्ठित बैंकिंग संस्थान थान जिन 6 कर्मचारियों को ट्रेनिंग में भेजा उनमें श्री सी ई कामत भी थे। ट्रेनिंग के दौरान उन्होंने अपने पत्र दिनांक 18.7.1952 में लिखा कि इस बैंक में किसी भी ग्राहक को छोटा या बड़ा नहीं समझा जाता। बैंक के लिए सभी ग्राहक समान हैं। प्रबंधक ग्राहकों के खुशी के मौके पर उनको बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं और दुख के समय उनसे मिलते हैं और अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हैं।

लायड बैंक के कर्मचारियों में ग्राहकों के प्रति सेवा भाव कूट – कूट कर भरा है। कर्मचारी महसूस करते हैं संस्था की सफलता के लिए ग्राहकों की सदभावना/साख (Goodwill) बहुत जरूरी है। उन्होंने लिखा लायड बैंक के कर्मचारी यह भी महसूस करते हैं कि संस्था के विकास से ही उनका भविष्य जुड़ा है। उन्होंने आगे लिखा कि यदि हम सब भी ऐसी ही सोच रखें और इसी उद्देश्य से कार्य करें तो हमारा बैंक भी निरंतर विकास और प्रकृति की ओर बढ़ता रहेगा।

केनरा बैंक का समाचार बुलेटिन 1950

वर्ष 1950 में केनरा बैंक ने समाचार बुलेटिन की शुरुआत की जिसमें बैंक की सेवाओं और उपलब्धियों से कर्मचारियों को अवगत कराया जाता था। बैंक के प्रचार विभाग को इस बुलेटिन का स्लोगन बहुत पसंद आया Family bankers to 50000 मतलब 50000 परिवारों का बैंक। कुछ ही समय में केनरा बैंक न्यूज बुलेटिन बहुत प्रसिद्ध हो गया। इसमें बहुत से रोचक लेख होते थे और उन्हें पढ कर कर्मचारियों को एक परिवार वाली अनुभूति होती थी।

स्टाफ ट्रेनिंग स्कूल बैंगलोर की स्थापना।

वर्ष 1953 में हमारे बैंक ने रिजर्व बैंक के, बैंकर्स ट्रेनिंग कॉलेज की तर्ज पर कर्मचारियों को ट्रेनिंग देने के लिए स्टाफ ट्रेनिंग स्कूल बनाया। बैंक प्रबंधन एक ऐसा सिस्टम बनाना चाहते थे जिसमें गलती की कोई गुंजाइश न हो और बैंक एक सिस्टम से चले न किसी की मर्जी से।

एक बैंकर जिसने हमारे बैंक की आर्गेनाईजेशन सेटअप का अध्ययन किया और लिखा यदि बैंक प्रबंधन से जुडें सभी लोगों को बदल दिया जाए तो भी बैंक अपनी कार्यप्रबंधन और नियमावली अनुसार सुचारू रूप से कार्य करता रहेगा।

(If all the Directors of the bank and principal officers were to be replaced in a moment by their wives, the administration would still remain unaffected)
बहुत से बैंकों ने हमारे बैंक की कार्य प्रणाली को पसंद किया और अपनाया।

कराची शहर में शाखा

वर्ष 1946 में बैंक ने पाकिस्तान के कराची शहर में शाखा खोली। वर्ष 1951 में बैंक को भारत और पाकिस्तान से व्यापार करने का लाइसेंस मिल गया था। वर्ष 1956 तक कराची शाखा ने काम किया और वहां पर बैंक की गोल्डन जुबली भी मनाई गई।

फॉरेन एक्सचेंज शाखा।

वर्ष 1953 में हमारे बैंक को रिजर्व बैंक द्वारा फॉरेन एक्सचेंज ब्रांच खोलने का लाइसेंस मिला और 27 अप्रैल 1953 को शाखा ने काम करना शुरू कर दिया। मिस्टर फ्रीमैन (Mr Freeman) को फॉरेन एक्सचेंज विभाग का इंचार्ज बनाया गया जिन्होंने 30 वर्ष तक लायड बैंक लंदन में फॉरेन एक्सचेंज डिपार्टमेंट में काम किया था। उनको विदेशी विनिमय विभाग के

कार्य में महारथ हासिल थी। हमारे देश का फॉरेन बिजनेस उस समय विदेशी बैंकों के हाथ में ही था। दिनांक 22.8.1955 को फॉरेन एक्सचेंज ब्रांच मद्रास ने काम करना शुरू कर दिया था।

प्रधान कार्यालय का स्थानांतरण

वर्ष 1954 को बैंक प्रबंधन ने प्रधान कार्यालय को मेंगलूर से बेंगलुरू स्थानांतरित करने का निर्णय लिया क्योंकि व्यापार और बैंक प्रबंधन की दृष्टि से बेंगलुरू सुविधाजनक था। दिनांक 3.3.1954 को प्रधान कार्यालय बेंगलूरू स्थानांतरित हो गया।

बैंक कर्मचारी संघ को मान्यता

इसी वर्ष बैंक प्रबंधन ने बैंक के कर्मचारी यूनियन को शास्त्री अवार्ड के अंतर्गत मान्यता दी।

वर्ष 1956 बैंक की स्वर्ण जयंती

वर्ष 1956 बैंक के लिए गोल्डन जुबली वर्ष था। वर्ष 1956 तक 51 शाखाएं का विस्तार हो गया था और उनमें 1000 कर्मचारी कार्यरत थे।

बैंक की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में बैंक ने ग्राहकों, कर्मठ कर्मचारियों और समाज के उत्थान के लिए निम्नलिखित योजनाओं की शुरुआत की।

1. मध्य वर्ग के लिए गृह ऋण योजना की शुरुआत की।
2. गोल्डन जुबली एजुकेशन फंड की स्थापना की, जिसके अंतर्गत 5 लाख की लोन स्कॉलरशिप देने की योजना बनाई, जिसमें कम ब्याज दर और आसान किस्तों पर लयगी।
3. वर्ष 1956 में एजुकेशनफंड की स्थापना हुई। इसी फंड से बुक बैंक की भी स्थापना हुई।
4. केनरा बैंक गोल्डन जुबली स्टाफ वेलफेयर फंड कर्मचारियों में बचत की भावनाओं को बढ़ावा देने के लिए इस फंड की स्थापना की गई।
5. कर्मचारियों के लिए गृह ऋण योजना की शुरुआत हुई।

अर्थी को कंधा देना

बैंक प्रबंधन अपने सभी कर्मचारियों को केनरा परिवार (Canara Family) समझता था। उस समय शव वाहन की व्यवस्था नहीं थी तब बैंक ने मृत कर्मचारियों के परिवार को हर संभव सहायता देने का बीड़ा उठाया। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि मृत कर्मचारी की अर्थी को बैंक के महा प्रबंधक कंधा दिया करते थे।

गर्मी की छुट्टियों में ट्रेनिंग कैंप

वर्ष 1961 में केनरा बैंक जूबली एजुकेशन फंड के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन अवकाश पर विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की।

केनरा बैंक रिलीफ एंड वेलफेयर सोसायटी

इसके अंतर्गत गांव में रहने वाले मध्य वर्ग के बच्चों के लिए अवकाश के दौरान, प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना शुरू हुई। इस संस्था का उद्देश्य जरुरतमंदों को निशुल्क, निस्वार्थ सेवा देना था। इसी के अंतर्गत मातृछाया संस्था की स्थापना हुई जहां पर अभागिन मां के बच्चे, जिनको कुड़े के ढेर, नाली या गटर, बस स्टैंड पर जिंदा लावारिस छोड दिया जाता था उनको नवजीवन और आश्रय देने का जिम्मा इस संस्था ने उठाया। बडे होने पर अनाथ बच्चों को सरकारी अनाथालय में शिफ्ट कर दिया जात था।

सेवा क्षेत्र हास्पिटल के अंतर्गत गरीब और जरूरत मंद लोगों को निशुल्क/कम कीमत पर उपचार की व्यवस्था कराई।

वर्ष 1959 में बैंक ने अपने प्रयास से बाढ़ राहत कोष में 144000/ रुपए का अनुदान दिया।

यह है मेरे बैंक की गाथा जो शुरुआत से ही बैकिंग संस्थान होते हुए भी समाज की जरूरत और जिम्मेदारी को अपना कर्तव्य समझता है। जब कि उस समय कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का कोई नियम नहीं था, लेकिन यह महान संस्थान तब भी और अब भी अपने संस्थापक श्री अम्मेम्बाल सुब्बाराव पै के सिद्धांत "A Good bank is not only the financial heart of the community but the social heart as well" की ओर अग्रसर है।

*****

Banking and beyond: Story of the northernmost branch of Canara Bank (A Founders' Day Special)

Abrar Ul Mustafa
Manager
Avantipora Branch

The morning sun rises gently over the mountains of Kupwara in Kashmir. Mist lingers over the walnut trees. A small hamlet named Gagal stirs awake. Somewhere at the edge of this village stands a modest building of brick and hope – Canara Bank, Gagal Branch – the northernmost outpost of one of India's oldest and most respected banks. No other bank exists here. Only this one. Only Canara. Children walk past it every morning. Their laughter echoes against the hills. Farmers greet the staff as they pass by. In this remote corner of the country, far away from the glass towers of cities, the bank is more than a financial institution. It is a friend. A guide. A silent promise that the light of opportunity will reach even the farthest doorstep.

It was a day like any other. The fresh walnut harvest was just over. The General Manager was on a visit to Gagal. The staff stood ready. Files arranged. Reports prepared. We served the fresh raw walnuts to him being the specialty of this place. The tricolor was fluttering outside with pride. What unfolded that morning was not about figures or targets. It was about faith. Faith in service, purpose and people. The branch had identified a small Government Middle School, its walls weary, its classrooms dim. The children there had dreams but no digital window to the world. The GM listened, looked around, and without a second thought, sanctioned ₹2 lakh for installing a Smart Education System – screens, computers and digital tools to turn chalkboards into smartboards. The day those children saw their first lesson light up on the new screen, their eyes glowed brighter than the morning sun. For them, it was magic. For the bank, it was mission. Because that is the Canara way — to reach where others do not. To touch lives in silence. To serve without show.

More than a century ago, in the coastal Mangalore, a visionary named Ammembal Subba Rao Pai dreamt of a bank that would be different. He did not dream of riches. He dreamt of righteousness. His vision was clear: A good bank is not only the financial heart of the community but also one with an obligation to help in its social uplift. From that small seed planted in 1906 grew a Chinar tree whose roots now spread across the nation. From Kanyakumari to Kupwara. Each branch, each employee, each account opened in a remote corner carries that founding spirit. To serve the nation before self. The world has changed. The way we bank has changed. But the values have not.

In times of flood and fire, in times of crisis and care, Canara Bank has stood like a sentinel. Recently, when parts of Jammu and Kashmir were hit by devastating floods, Canara Bank stepped forward with ₹25 lakh for the Chief Minister's Relief Fund. A gesture not just of aid but empathy. Across the country, the bank has donated ambulances to hospitals, infrastructure support to educational institutions and scholarship assistance to students from humble backgrounds. It has conducted financial literacy camps in villages where people had never held an ATM card before and digital awareness drives in towns where the first smartphone became a family treasure. Every act may look small. But together they form a mosaic. A portrait of a bank that beats with the pulse of the nation.

The Spirit of Founders' Day

Founders' Day is not merely an anniversary. It is remembrance. Reflection. Renewal. It is a day when every Canarite pauses and looks back at how far we have come. And how much further we must go. From

ledger books to mobile apps. From teller counters to AI-driven banking. The journey has been long, layered and luminous. But beneath all technology lies the same timeless truth: Banking is not about money alone. It is about meaning.

In Gagal, the Smart Classroom now hums with laughter. Children trace maps of India on the digital board. They learn English through colourful visuals. Maths through games. And geography through videos of rivers they've never seen. When asked what difference it made, Iqbal Ahmad Mir, the headmaster, smiled and said, "Earlier we taught them words. Now we show them worlds." Those words capture the essence of Canara Bank more than any slogan ever could.

There is a rhythm that runs through this institution. A quiet discipline. A deep-rooted belief that profit without purpose is hollow. Walk into any branch, the warmth feels the same. The greetings. The empathy. The willingness to help. All flow from one shared source: the founder's soul. Whether it is a new account in a remote village, a housing loan for a young family or a scholarship for a deserving student, every act, however small, carries the fragrance of that founding ideal.

As the bank steps into the age of Artificial Intelligence and Digital Transformation, it does so with the wisdom of experience. AI may predict numbers, but it cannot replace the human pulse that has guided Canara for more than a century. Technology will evolve. Algorithms will learn. But empathy will remain the real intelligence. That is what the Founders' Day reminds us. A good bank must keep pace with machines, yet never lose touch with man.

There is something poetic about a bank that began by the sea now standing proud among the mountains. The journey from Mangalore's coast to Kupwara's cold valleys mirrors India's own story – from aspiration to achievement. In each of its 10,000-plus branches, there beats the same steady rhythm – the rhythm of service. The same value. The same vow: Serve. Support. Strengthen. That is the trinity that defines Canara Bank.

At Gagal, when winter arrives, snow caps the rooftops and the valley turns white. The branch still opens on time. The staff still smile. The tricolour still flutters proudly against the cold wind. The customers walk in – shepherds, soldiers, farmers, teachers. For them, this bank is not a building. It is a bridge. A bridge between what is and what can be.

A century ago, when Ammembal Subba Rao Pai spoke of a bank that would blend business with benevolence, he was not imagining profit. He was imagining progress — social, moral, national progress. Today, every CSR activity, every community initiative, every small act of kindness carries forward that torch. From smart classrooms to flood relief, from medical aid to digital empowerment — the journey continues. The flame still burns. Ask any Canarite what Founders' Day means, and the answer comes not in grand speeches but in small gestures. A smile to a customer. A call to a pensioner who hasn't visited in a while. A visit to a nearby school. A word of encouragement to a colleague. That is Founders' Day – not a date on a calendar, but a feeling that lives every day inside the people who wear that blue badge with pride.

The story of Canara Bank is not just the story of finance. It is the story of faith – in people, in purpose, in the power of doing good. From the coastal town of Mangalore to the icy winds of Gagal, from a single branch to a network that binds the nation, the journey has been magnificent – not because of profits or figures, but because of the countless lives touched along the way. Each branch, each employee, each customer is a verse in this living poem of service. And as the sun sets behind the mountains of Gagal, its golden light falls on the signboard. The doors close for the day. But the story doesn't end. It continues. In classrooms that shine. In villages that smile. In hearts that believe. For Canara Bank was never just about banking. It was, and will always be, about belonging.

4 दिन की CL

संजीव कुमार वर्मा
अधिकारी
सीआरएम, थाणे

श्री डी. डा. डाबेराव जो कि सेक्शन इंचार्ज थे CRM (साख समीक्षा व निगरानी) के। मन में घर जाने के लिए छुट्टी की लालसा लिए हुए अपने ओवरसीइंग एग्जीक्यूटिव श्री चीं. चां. पाटिल के केबिन को बाहर से देखते हुए यह समीकरण समझने का प्रयास कर रहे थे कि क्या ये सही वक्त है अंदर जाने का?

पाटिल साहब का मिजाज कुछ यूं था कि उनकी हंसी और गम दोनों में आप शरीक नहीं हो सकते थे। जब वह हंसते, तो आपको यह सोचना पड़ जाता कि मुझे भी हंसना था क्या? उन्हें दुखी देखकर आप यह जरूर कहते, कि भला यह भी कोई उदास होने की बात है?

मगर पाटिल साहब तो पाटिल साहब !

डाबेराव सर ने जैसे ही केबिन का दरवाजा खोला पाटिल साहब कंप्यूटर चलाने में तल्लीन थे। माउस को तो उन्होंने ऐसे पकड़ रखा था कि जैसे छोड़ते ही भाग कर बिल में घुस जाएगा। SWL (जिसमें NPA होने वाले लोन का विवरण रहता है) की लिस्ट स्क्रॉल करने पर भी खत्म नहीं हो रही थी। मगर पाटिल साहब की उदारता तो देखिए कंप्यूटर से मुंह हटाते हुए तुरंत बोल पड़े डाबेराव जी, बोलिए कुछ काम है क्या?

डाबेराव सर हिचकिचाते हुए..... नहीं सर कुछ नहीं। मैं तो बस घर जाने की सोच रहा था। अगर चार दिन की CL (आकस्मिक अवकाश) मिल जाती तो।

पाटिल साहब मुंह घूमाते हुए कंप्यूटर की तरफ देखकर बोले– आज का SWL का लिस्ट देखें हैं क्या?

डाबेराव सर एक कर्मठ और जुझारू किस्म के कर्मचारी थे। जो लोन तभी NPA होने देते थे जब उनको अपनी जेब से पैसे लगाने की नौबत आ जाती थी। वरना मजाल है कि कोई लोन बिना पूछे गिर जाय। (बैंकिंग बोलचाल की भाषा में लोन गिरने का तात्पर्य लोन के NPA होने से है।)

डाबेराव सर तुरंत बोल पड़े – हां सर, सब से बात हो चुकी है, बस दो अकाउंट डाउटफुल है। एक में पार्टी गायब है और दूसरे में दुकान।

इसी क्रम में थोड़ी और हिम्मत दिखाते हुए डाबेराव सर फिर से बोल पड़े– सर, वो मैं घर जाने की सोच रहा था। 4 दिन की छुट्टी मिल जाती, तो काम हो जाता।

पाटिल सर ने तुरंत हामी भरते हुए कहा– हां– हां जाओ। मगर चार दिन में क्या ही होगा? अरे भाई मुंबई से कोलकाता जाना कोई आसान थोड़े हैं। एक दिन तो जाने में लग जाएगा और उतना ही वापस आने में। शरीर से यात्रा की थकान जब तक दूर होगी तब तक तो छुट्टी ही खत्म हो जाएगी, और वैसे भी साल का पहला क्वार्टर इंड (Quarter End) है, चले

जाना फिर इसके बाद 10 दिनों के लिए। अरे बच्चे भी खुश और बीबी भी।

डाबेराव सर को पाटिल साहेब की बातों में पहली बार अपनापन दिखा था। उन्होंने सोचा कि मार्च क्वार्टर में तो जा ही नहीं सकता था। अप्रैल तो होता ही है एग्जिक्यूटिव्स की छुट्टियों के लिए। मई में तो इतने ट्रांसफर होते हैं की छुट्टी मांगे किससे वो भी सोचना पड़ता है, और फिर जून, पहला क्वार्टर! कैसे छोड़ सकते हैं इसे? पाटिल साहब की बातों से इतनी सहमति डाबेराव सर की पहली बार बनी थी।

फिर क्या था! इस तरह जून क्वार्टर पूरे जोर– शोर से काम करते हुए निकला कि जुलाई में तो घर जाना ही है।

4 जुलाई को शाम से ही 5 तारीख को होने वाले एम– डी रिव्यू की तैयारियां चल रही थी। डेटा खोज– खोज कर नहीं बल्कि खोद– खोद कर निकाले जा रहे थे। सारे सेक्शन को देखकर यह प्रतीत हो रहा था कि मानो माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल की ट्रेनिंग चल रही हो। एग्जीक्यूटिव डेटा की बारीकियां को देखते हुए गलतियां इस तरह निकाल रहे थे कि जैसे किसी के बाल की खाल हो।

इसी आपाधापी में 4 जुलाई को रात का 9:00 कब बज गया पता ही नहीं चला, और फिर सारे सेक्शन इंचार्ज कल सुबह की बायोमेट्रिक अटेंडेंस समय पर लगा सकें इसके लिए अपने–अपने घरों को सोने चले गए।

अगली सुबह सिर्फ सूरज नहीं निकला सारे एग्जिक्यूटिव्स और सेक्शन हेड अपने– अपने घरों से इस तरह निकले कि जैसे एम– डी साहेब ने खुद अलार्म लगाया हो।

रैपिडो और ओला वाले क्या गाड़ियां चलाएंगें, जब डाबेराव सर ख़ुद जेम्स बांड बने बैठे हैं, और बनें भी क्यूं ना? रिव्यू– मीट ख़त्म होते ही पाटिल साहब को बस इतला करके पूरे 10 दिनों के लिए घर को रवाना जो होना है।

ऑफिस पहुंचते ही दौड़कर बायोमेट्रिक को अंगूठे से ऐसे छुआ जैसे बायोमेट्रिक नहीं माशूका का गाल हो। हो गया–

हो गया अटेंडेंस लग गया, कहते हुए, रंग बिरंगे कागजों वाली फाइल पर एक सरसरी निगाह फेरते हुए, आत्ममुग्धता में, हरे कलर की पट्टी देखकर ख़ूब खुश हो रहे थे। सारे टारगेट हो गए हैं। अई साला !

उधर रिव्यू मीटिंग स्टार्ट होने से पहले ही सारे एग्जिक्यूटिव्स कॉन्फ्रेंस हॉल में ऐसे इक्कठे होकर बैठ गए जैसे शादी में तिलक चढ़ाना हो, और फिर थोड़ी ही देर में खेल शुरू हुआ। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि जैसे कोई शेर, शिकार पर निकला हो, और शिकार होने के लिए सभी अधिकारी अपनी– अपनी बारी का बस इंतजार कर रहे हों। शायद अनुराग कश्यप ने अपनी चर्चित फ़िल्म "गैंग्स ऑफ वासेपुर" का डायलॉग "तेरी कह के लूँगा" इस तरह की मीटिंग्स को देखकर ही लिखा होगा जो बाद में चलकर एक कैचफ्रेज बन गया। मीटिंग सुबह समय से शुरू तो हो गई थी मगर शाम के साथ ढल ना सकी, बरअक्स, जवां होती जा रही थी। रात का 10, कब बज गया पता ही नहीं चला। डाबेराव सर फिर एक बार मायूस होकर इस उम्मीद में घर लौट आते हैं कि अगली सुबह छुट्टी की बात कर ही लूंगा।

और अगली सुबह ! ना ही होती तो बेहतर था। ऑफिस में इक सुई भी गिरती, तो सबको सुनाई देती। कुछ इस तरह का सन्नाटा था। सभी एग्जिक्यूटिव्स रीजनल हेड के केबिन में बैठे गहन मंथन कर रहे थे– कि सारे टारगेट तो हुए थे फिर रैंक कैसे ख़राब आयी ? रैंक वैसे भी अच्छी नहीं आती थी मगर इतनी भी बेकार नहीं आनी चाहिए थी।

छोड़ो ! अब जो हो गया सो हो गया। इस बार बेहतर किया जाएगा। बस सारे सेक्शन हेड को टाइट करने की जरूरत है। क्षेत्रीय प्रमुख के इस आदेश के साथ अन्य सभी

एग्जिक्यूटिव्स अपने– अपने केबिन में जाने के लिए बाहर निकल आए।

इसी बीच डाबेराव सर ने मौका देखकर पाटिल सर के केबिन में ऐसे घुसे जैसे कि कुछ हुआ ही ना हो। डाबेराव सर कुछ बोल पाते कि, पाटिल सर, सर घूमाते हुए बोल पड़े– रैंक देखे क्या? पूरे पांच पायदान पीछे हैं, पिछली बार से। बताइए ! डाबेराव जी कैसे होगा ? डाबेराव सर ने आव देखा ना ताव झट से नैसर्गिक प्रतिक्रिया देते हुए बोल पड़े– सर घर से वापस आते ही पूरे ताकत से काम में लग जायेंगें और सारा टारगेट पूरा कर देंगें।

"घर" विस्मय से भरी हुई आंखों से देखते हुए पाटिल साहब बोले– "घर– किसका घर" और कौन सा टारगेट। क्या पूरा कर दोगे जब अभी इस क्वार्टर का टारगेट ही अलॉट नहीं हुआ है तो?

डाबेराव सर ने सर नीचे करते हुए मंद ध्वनि में बोला– कर देंगें सर जो भी अलॉट होगा। अभी मैं घर जा रहा हूँ सर और आप ने ही तो बोला था। क्वार्टर इंड के बाद चले जाना।

पाटिल साहेब– और आप उसको इतना सीरियसली ले लिए। एक बार मजाक में बोली हुई बात अभी तक याद है। यहां टारगेट रोज मेल में, फोन में तीन–तीन बार आ रहा है वो किसी को याद नहीं। उसको तो इतना सीरियसली नहीं लेते हैं आप, क्यों जी?

नहीं सर ऐसी बात नहीं है। वो आप ने कहा था इसीलिए मैने टिकट करा लिया था। डाबेराव सर इतना ही बोल पाए थे कि पाटिल साहब बीच में टोकते हुए बोले– कहा तो मैंने बहुत कुछ था। कहा तो यह भी था कि टारगेट होना चाहिए वो तो आपने नहीं किया मगर टिकट कर लिया। घर जाने वाली बात अक्षरशः कंठस्थ है और टारगेट भूल गए। चलिए जाइए, और हां, वापस कब ज्वाइन कर रहे हैं?
डाबेराव सर – सर आ जाऊंगा 10 दिन में।

पाटिल साहेब हतप्रभ होकर बोले– कितना? 10 दिन– 10 दिन। कोलकाता जाना है या अंडमान निकोबार जा रहे हैं जो 10 दिन लग जाएगा। फ्लाइट से जाना है फ्लाइट से आना है। फिर भी 10 दिन।

सर आपने ही तो कहा था कि चार दिन के CL में क्या ही होगा? आराम से जाना 10 दिन की छुट्टी लेकर। डाबेराव सर ने देर न करते हुए तुरंत याद दिलाया। किंतु हुआ उल्टा। फिर वही बात, अपने कहा था– आपने कहा था। मैंने जो भी कहा है सारी बातें छोड़कर बस यही बात आपने मानी है। अरे 10 दिन बाद आओगे तो रैंक नहीं डाउन होगी हम खुद ही डाउन हो जाएंगे। हमें नीचे से नहीं ऊपर से टॉप करना है। अभी– अभी तो क्वार्टर की शुरुआत हुई है। शुरु में ही सेक्शन हेड गायब हो जाएगा तो क्या संदेश जाएगा बाकी सब में? मैं कुछ नहीं जानता 4 दिन में आपको जाकर वापस आना है। 4 दिन की CL लगाइए और मंडे को ज्वाइन करिए।

"मरता क्या ना करता" कुछ ऐसी ही परिस्थिति में थे डाबेराव सर। उदास चेहरे पर सहमति की चादर ओढ़कर "हां" में सर हिलाते हुए बाहर निकलते समय हिसाब लगा रहे थे कि वापस आने के हवाई टिकट को रीशेड्यूल करने में कितना और खर्च आ सकता है? खुद को भी तो तसल्ली देना जरूरी था कि चलो 10 दिन की छुट्टी ना सही कम से कम 4 दिन तो मिला। वैसे भी CL खराब हो रही थी।

शाम को जब डाबेराव सर घर जाने के क्रम में पाटिल साहब से अलविदा कहने गए तो पाटिल साहब ने सख़्त हिदायत दी– फोन बंद नहीं करना है। इस बीच एक भी लोन NPA नहीं होना चाहिए, और हां, "कनेक्शन" बनाए रखना है। "मोमेंटम" बिगड़ने ना पाए। "टेम्पो" मेनटेन रहना चाहिए। अगली बार मैं आप को पूरे 10 दिन– पूरे 10 दिन की छुट्टी दूंगा। हैप्पी जर्नी।

डाबेराव सर भी मुस्करा के धन्यवाद् कहते हुए इस ख़्याल के साथ खुद को हौसला देते हुए घर निकल पड़े कि अगली बार 4 दिन की CL नहीं, पूरे 10 दिन की PL (एक विशेष अवकाश जो लंबे अवधि के लिए मिलती है) लूंगा। मगर डाबेराव सर ही नहीं बल्कि नौकरी करने वाले ज्यादातर लोग अक्सर यह भूल जाते हैं की नौकरी में बड़ी "ई" की मात्रा साइलेंट है।

*****

Save Today, Shine Tomorrow

Basavraj Kulali
Officer
CIBM Manipal

Save a coin when the sky is clear,
Because storms can come when none are near.
A tiny seed, quietly sown,
Becomes a tree when time has grown.
A small step taken here today,
Can shape tomorrow in its way.
Not every gain is quick or loud,
Some grow slowly, under a cloud.
The hands that plan, the minds that save,
Turn passing time into something brave.
True wealth is not just land or gold,
But steady hearts and dreams that hold.
So look ahead, let vision guide,
Let every choice be made with pride.
Save with hope and purpose sure,
To build a life that will endure.



"AI can decide fast, but ethics decides right."
"Responsible AI is not optional—it is essential."
"Innovation succeeds only when guided by values."
"Ethical AI protects trust in a digital world."
"The smartest systems still need human conscience."

केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु में हिंदी दिवस समारोह 2025 का भव्य आयोजन

कार्यक्रम की झलकियाँ

केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु में दिनांक 25.09.2025 को हिंदी दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता श्री के सत्यनारायण राजु, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा की गई। इस अवसर पर श्रीमती जूलिया मोहापात्रा, महाप्रबंधक (डाक लेखा एवं वित्त), भारतीय डाक सेवा, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। श्री हरदीप सिंह अहलूवालिया, कार्यपालक निदेशक, श्री भवेन्द्र कुमार, कार्यपालक निदेशक एवं श्री एस के मजुमदार, कार्यपालक निदेशक, श्री बी पी जाटव, मुख्य महाप्रबंधक, मानव संसाधन व जन संपर्क विभाग तथा अन्य विभागों के मुख्य महाप्रबंधक गण, महाप्रबंधक गण, कार्यपालक गण व स्टाफ सदस्यों द्वारा समारोह में शिरकत की गई। मंचासीन गणमान्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर, बैंक के संस्थापक श्री अम्मेम्बाल सुब्बाराव पै को श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

Canara Centre of Excellence (CCoE)

Sri. Vijay Srirangan, Chairman, visited the Canara Centre of Excellence (CCOE), Bagaluru on 31st October 2025. Sri. Shreenath Joshi, GM and CLO and Sri Rama Naik, GM, GA Vertical, welcomed the Chairman. In his address, the Chairman emphasized the importance of preparing for emerging technological advancements and evolving regulatory frameworks. He appreciated the L&D vertical for introducing various technology driven initiatives and acknowledged the significant progress made in this direction.

AHMEDABAD

Sri. S K Majumder, Executive Director, visited Ahmedabad Circle on 4th October,2025 to attend the launch programme of the nationwide campaign for Unclaimed Assets, "आपकी पूँजी, आपका अधिकार" by Smt. Nirmala Sitharaman, Finance Minister. Sri Ranjeet Kumar Jha, GM and Circle Head, along with DGM and other Circle Executives also participated in the launch event. After the launch event, the Circle's performance for September 2025 quarter was reviewed. Later, the Executive Director, shared the corporate message and urged the staff to guide branches towards improved performance.

CHANDIGARH

As part of CSR initiative, Sri. Hardeep Singh Ahluwalia, Executive Director, along with Sri. Manoj Kumar Das, GM and Circle Head and other officials handed over a mini ambulance to Shiromani Gurudwara Parbandhak Committee (SGPC) at Golden Temple Amritsar. Sri. Harjinder Singh Dhami, SGPC President, honoured the Executive Director with a Siropa and a model of Sri Harmandir Sahib, as a token of gratitude.

CHENNAI

Branch Managers' Conferences for Q2 FY 2025-26 were conducted across multiple Regional Offices during October 2025. The meetings were held at Dharmapuri RO on 23rd October, Chennai Tambaram RO on 18th October, Namakkal RO on 17th October, Trichy RO on 23rd October, Vellore RO on 18th October, Salem RO on 13th October, Thiruvallur RO on 13th October, Chennai South RO on 14th October, Chennai North RO on 16th October, Puducherry RO on 9th October and Erode RO on 16th October, 2025, respectively. Across all these conferences, Regional Office performance was reviewed in detail, key achievements and concerns were discussed and suitable suggestions were provided to strengthen business growth and improve overall operational efficiency.

A new General Branch Banking outlet was inaugurated at Sholingur (DP 8265) under Vellore region on 31st October, 2025. The new branch was inaugurated by Sri. A. M Muniratinam, Sholingur MLA. Sri. Raghavendra H S, AGM and Sri. Devaraja H S, Resources DM of Vellore RO and other Executives were present during the inauguration.

HUBBALI

A Branch Managers review meeting (Q2, FY 2025-26) was conducted on 14th November 2025 at Chikodi Regional Office. Sri. Jagdish Swamy, DGM Circle Office, Sri. M Panee Shayana, AGM and Regional Head and other Executives from the Hubbali CO and Chikodi RO were present during the meet. Sri. M Panee Shayana, AGM emphasised on key priority sections including Mission SB, KCC renewals, CASA mobilisation, HNI engagement and improving branch rankings, while, Sri. Jagdish Swamy, DGM, reviewed the Circle's performance and stressed on focussed efforts on deposit growth, NPA and slippage control.

Founder's Day was observed at the Chikodi Regional office premises on 19th November, 2025. Sri. M Panee Shayana, AGM and Regional Head, Branch Heads, HNI customers and other RO Executives were present during the meet. During the interaction with HNI customers, the AGM shared insights on Savings and Current account features, premium variants and SME/business loan solutions. Another programme was also conducted as part of Founder's Day celebrations at CB Kore Polytechnic College, Chikodi. A detailed session highlighting financial literacy for youth, digital banking safety, government schemes, Canara Aspire Education loan benefits and premium payroll accounts, also took place during the programme.

KARNAL

A Vigilance awareness walkathon was conducted on 28th October, 2025, as part of Vigilance Awareness Week. Sri. Rakesh Kumar, Additional Chief Vigilance Officer, Sri. G A Anupam, GM and Circle Head, Sri. Harshit Bansal, Joint Commissioner of Income Tax, Sri. Deepak Shukla, DGM and Sri. Gyanendra Sahoo, AGM participated in the event. The event emphasised integrity, transparency, ethical conduct and fraud prevention through public interaction and awareness

activities. Matters like accountability and adherence to guidelines in all financial dealings were also highlighted during the awareness programme.

MADURAI

As part of Vigilance Awareness Week 2025, Coimbatore Regional Office-I, organised a walkathon on 28th October, 2025. It was flagged off by Smt. K R Shylaja, DGM and RO Head. Other RO Executives and staff members also participated in the event. Participants carried placards to promote preventive vigilance and public awareness. As part of the observance, an essay writing competition was also conducted at KK Naidu Higher Secondary, School, which was coordinated by Sri. Araveti Pavankumar, CM, PSG College Branch.

MANGALURU

As part of CSR and digital outreach initiatives, Sri. Bhavendra Kumar, Executive Director, led two key programmes in Mangaluru. Sri. Shambhu Lal, CGM, Lead Bank & Financial Inclusion Wing and other Senior Executives also were present during the events. An AC bus was donated to Father Muller's Medical College, enhancing student mobility and supporting health-care services. An e-Hundi facility was also inaugurated at the Kadri Temple in-order to promote digital offerings and reinforcing the Bank's commitment to secure, cashless transactions.

VIJAYAWADA

A Branch Manager's Conference(Q2) for FY 2025-26 was held at Visakhapatnam Regional Office on 14th October, 2025. Smt. Vijayalakshmi C. J, GM, Circle office, chaired the conference. Sri N. Madhusudhana Reddy, AGM and Regional Head and other Executives were present during the conference. The conference reviewed the region's steady progress, RAM and RTF renewals, customer service and branch wise performance improvement. Sri. Pratap Kumar H, DM, presented an in-depth analysis of the scoring matrix which is used for evaluating performance across all key parameters. He elaborated on how the matrix supports fair assessment and encourages healthy competition among branches.

आगरा

दिनांक 30.09.2025 को अंचल कार्यालय, आगरा में माननीय अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक श्री रजनी कांत की अध्यक्षता में हिंदी दिवस समारोह – 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. रुचि चतुर्वेदी, केंद्रीय विधि मंत्रालय की हिंदी सलाहकार की माननीय सदस्य ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई। समारोह के दौरान अंचल कार्यालय के अन्य कार्यपालकगण एवं स्टाफ सदस्य समारोह में उपस्थित रहे।

अहमदाबाद

केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, अहमदाबाद द्वारा अंचल प्रमुख व महा प्रबंधक, श्री रणजीत कुमार झा जी के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 27 अक्तूबर, 2025 से 02 नवंबर, 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया। इसके तहत दिनांक 28 अक्तूबर, 2025 को अंचल प्रमुख के मार्गदर्शन में सभी कार्यपालकगणों, अनुभाग प्रमुखों एवं समस्त कर्मचारियों ने बैंक में सदैव ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्धता दोहराते हुए सत्यनिष्ठा की शपथ ली कि, हम नीतिपरक कार्य पद्धतियों को बढ़ावा देंगे तथा ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देंगें।

बेंगलूरु

बेंगलूरु अंचल की व्यावसायिक समीक्षा बैठक 28 अक्टूबर 2025 को आदरणीय प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री के सत्यनारायण राजु, मुख्य महाप्रबंधक खुदरा साख व सा.प्र विभाग श्रीमती आर अनुराधा, मुख्य महाप्रबंधक एवं बेंगलूरु अंचल के अंचल प्रमुख श्री महेश एम पै, महाप्रबंधक एवं सी.डी.ए.ओ.एस एंड डी.ए विभाग श्री चक्रवर्ती पी, श्री मनोज कुमार मीणा, महाप्रबंधक संसाधन विभाग श्री वी एस संतोष, महाप्रबंधक एवं बोर्ड सचिव की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में सभी क्षेत्रीय प्रबंधक, एलसीबी, एमसीबी, सुलभ, आरएएच, एआरएम, एसीसी के प्रमुख, अंचल के कार्यपालकगण और बेंगलूरु अंचल के सभी स्केल IV शाखा प्रमुखों ने भाग लिया।

भोपाल

दिनांक 30.10.2025 को केनरा बैंक, अंचल कार्यालय भोपाल द्वारा महाप्रबंधक श्री प्रविण डी. काबरा के नेतृत्व तथा उप महाप्रबंधक श्री सुबोध कुमार, श्री बलविंदर कुमार की उपस्थिति में सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2025 के अंतर्गत वॉकथॉन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।जिसमें अंचल

कार्यालय भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल तथा नजदीकी शाखा के सभी स्टाफ सदस्यों ने प्रतिभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

चेन्नई

दिनांक 24.09.2025 को केनरा बैंक अंचल कार्यालय, चेन्नई में श्रीमती के ए सिंधु, मुख्य महा प्रबंधक की अध्यक्षता में हिंदी दिवस समारोह–2025 का भव्य आयोजन किया गया। श्री राजेश कुमार वर्मा, उप महा प्रबंधक व श्री राघवेंद्र राव कनाला, उप महा प्रबंधक की उपस्थिति नें कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। साथ ही अंचल कार्यालय के सभी कार्यपालकगण व स्टाफ सदस्यों ने कार्यक्रम में भाग लिया। केनरा बैंक राजभाषा अक्षय योजना व राजभाषा पुरस्कार योजना के विजेताओं और हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में स्टाफ सदस्यों के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

दिल्ली

अंचल कार्यालय, दिल्ली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष का विषय Vigilance – Our Shared Responsibility (सतर्कता – हमारी साझा जिम्मेदारी) रहा, जिसके अंतर्गत कर्मचारियों को ईमानदारी, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के महत्व से अवगत कराया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ अंचल प्रमुख एवं मुख्य महाप्रबंधक श्री विक्रम दुग्गल एवं मुख्य अतिथि अजय कुमार कन्नोजिया, अपर सचिव सीवीसी, श्री राकेश कुमार, अपर मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री पी श्रीनिवास राव, उप महाप्रबंधक, सीवीसी (प्रतिनियुक्ति) तथा सभी कार्यपालकगणों द्वारा दीप प्रज्वलन और सतर्कता शपथ के साथ किया गया।

गुवाहाटी

केनरा बैंक ने अपनी 120 वर्षों की सफल और समृद्ध यात्रा में एक और नई उपलब्धि दर्ज करते हुए 29 अक्टूबर 2025 को गुवाहाटी अंचल के अंतर्गत गुवाहाटी क्षेत्र में बोको शाखा का शुभारंभ किया। इस शाखा का उद्घाटन गुवाहाटी अंचल के अंचल प्रमुख श्री लोकनाथ जी एवं गुवाहाटी क्षेत्रीय कार्यालय प्रमुख श्री नरेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन समारोह में अंचल प्रमुख श्री लोकनाथ जी ने बैंक की सतत प्रगति, ग्राहकों के प्रति समर्पण और वित्तीय समावेशन के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें श्री दिवाश बोरदोलोई (राजस्व अधिकारी) श्री सुमित राभा (कार्यकारी सदस्य, राभा हासोंग स्वायत्त परिषद) तथा श्री तपन दत्ता (प्राचार्य, जे. एन. कॉलेज) मुख्य रूप से शामिल थे।

जयपुर

केनरा बैंक द्वारा आयोजित डीएफएस के त्रे–मासिक ग्राम पंचायत स्तरीय वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत जयपुर जिले की बिलोंची ग्राम पंचायत (जीपी) में एक मेगा वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन किया,

जिसका उद्देश्य बैंकिंग और सामाजिक सुरक्षा सेवाओं का अंतिम व्यक्ति तक पहुँच प्रदान करना है। शिविर में श्री बी.पी. जाटव– मुख्य महाप्रबंधक, प्रधान कार्यालय, श्रीमती गीतिका शर्मा, महाप्रबंधक, अंचल कार्यालय, जयपुर, श्री बी. श्रीनिवास, क्षेत्रीय प्रमुख जयपुर, श्री एम. गांधी, उप महाप्रबंधक, अंचल कार्यालय जयपुर एवं बिलोंची गांव के संरपच भी उपस्थित थे।

करनाल

क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम द्वारा जिले के चंदू गाँव में दिनांक 01.09.2025 को वित्तीय समावेशन संतृप्ति कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य प्रत्येक परिवार को औपचारिक बैंकिंग सेवाओं से जोड़ना और ग्रामीण समुदायों में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर प्रधान कार्यालय से कार्यपालक निदेशक श्री भवेन्द्र कुमार जी को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किस प्रकार वित्तीय समावेशन समाज के सभी वर्गों को अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा के साथ जोड़ता है और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देता है। उन्होंने पीएमजेडीवाई, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई और एपीवाई जैसी पहलों के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए केनरा बैंक की प्रतिबद्धता को दोहराया।

कोलकाता

अक्टूबर माह में कोलकाता अंचल में 4 नई शाखाएं खुली है। क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता–2 के अधीन शांतिपुर शाखा का उद्घाटन श्री अरुण कुमार मिश्रा, महा प्रबंधक व अंचल प्रमुख, अंचल कार्यालय कोलकाता ने 30.10.2025 को किया। फीता काटकर उद्घाटन करने के पश्चात् हमारे बैंक के संस्थापक श्री अम्मेमबाल सुब्बाराव पै की तस्वीर पर माल्यार्पन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। दीप प्रज्जवलित किया और ग्राहकों के साथ संवाद किया। क्षेत्रीय कार्यालय दुर्गापुर के अधीन मानबाजर शाखा का उद्घाटन श्रीमती किरण एन एस, उप महाप्रबंधक, अंचल कार्यालय कोलकाता ने किया। इसी दिन क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता–2 के अधीन साल्टलेक शाखा और क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी के अधीन बीजनबाड़ी शाखा भी खुली।

कोषिक्कोड

25 अक्टूबर 2025 को केनरा बैंक ने वित्त मंत्रालय के अंतर्गत वित्तीय सेवा विभाग के ग्राम पंचायत स्तरीय सामाजिक सुरक्षा संतृप्ति अभियान के अधीन कुट्टियाडी ग्राम पंचायत में वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन किया। केनरा बैंक कुट्टियाडी शाखा के सक्रिय सहयोग से इस शिविर का आयोजन और प्रचार लीड बैंक कोषिक्कोड द्वारा किया गया। एसएलबीसी केरल वर्टिकल, लीड बैंक और वित्तीय समावेशन विभाग तिरुवनन्तपुरम के महा प्रबंधक श्री प्रदीप के एस , अंचल कार्यालय कोषिक्कोड के सहायक महा प्रबंधक श्री मल्ला विक्रम , कोषिक्कोड लीड बैंक के मण्डल प्रबंधक श्री ज्योतिस एस , क्षेत्रीय कार्यालय कोषिक्कोड के मण्डल प्रबन्धक श्री नीलाधर भंडारकर , वित्तीय समावेशन अनुभाग के प्रभारी श्रीमती धन्या आर , कुट्टियाडी शाखा के प्रबंधक श्री वैशाख ई

पी, श्रीमती नफीसा ओ टी अध्यक्ष कुट्टियाडी ग्राम पंचायत इस समारोह में उपस्थित थे।

लखनऊ

